# प्रेस नोट-थाना पुवायाँ

## जनपद शाहजहाँपुर

### दिनांक - 03.08.2026

## थाना पुवायाँ पुलिस द्वारा आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने के प्रकरण में वांछित 02 अभियुक्तगण गिरफ्तार

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय, जनपद शाहजहाँपुर के निर्देशन में अपराध की रोकथाम तथा चिन्हित एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) महोदया के निर्देशन, क्षेत्राधिकारी पुवायाँ के निकट पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक थाना पुवायाँ के कुशल नेतृत्व में थाना पुवायाँ पुलिस टीम को एक बड़ी सफलता प्राप्त हुई।

**संक्षिप्त विवरण:-**

दिनांक 01.08.2026 को वादी श्री अखिल पुत्र सीताराम निवासी ग्राम मजीदपुर, थाना पुवायाँ, जनपद शाहजहाँपुर द्वारा थाना पुवायाँ पर दी गई लिखित तहरीर के आधार पर मु०अ०सं० 457/2026, धारा 108 बीएनएस बनाम 1. मनु देवी उर्फ मन्नू पत्नी अनूप कुमार तथा 2. दिलीप उर्फ अनुपेश कुमार पुत्र रामनरेश निवासीगण ग्राम मजीदपुर, थाना पुवायाँ, जनपद शाहजहाँपुर के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया। आरोप है कि अभियुक्तगण द्वारा वादी के भाई अनूप कुमार उम्र लगभग 26 वर्ष को आत्महत्या के लिए उकसाया गया, जिससे आहत होकर अनूप कुमार ने दिनांक 31.07.2026 को विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। उपचार हेतु उन्हें जनपद बरेली में भर्ती कराया गया, जहाँ उपचार के दौरान दिनांक 01.08.2026 को समय लगभग 14:00 बजे उनकी मृत्यु हो गई। विवेचना के क्रम में मुखबिर की सूचना पर थाना पुवायाँ पुलिस टीम द्वारा उक्त अभियोग में वांछित अभियुक्ता मनु देवी उर्फ मन्नू पत्नी अनूप कुमार, निवासी ग्राम मजीदपुर, थाना पुवायाँ, जनपद शाहजहाँपुर, उम्र लगभग 24 वर्ष को दिनांक 03.08.2026 को समय 11:33 बजे मृतक अनूप कुमार के घर, ग्राम मजीदपुर से गिरफ्तार किया गया। तत्पश्चात मुखबिर की सूचना पर ही उक्त अभियोग में वांछित अभियुक्त दिलीप उर्फ अनुपेश कुमार पुत्र रामनरेश, निवासी ग्राम मजीदपुर, थाना पुवायाँ, जनपद शाहजहाँपुर, उम्र लगभग 25 वर्ष को दिनांक 03.08.2026 को समय 12:10 बजे मोहम्मदी मोड़ स्थित एचडीएफसी बैंक के सामने से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के उपरांत अभियुक्तगण के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण :-**

1.मनु देवी उर्फ मन्नू पत्नी अनूप कुमार निवासी ग्राम मजीदपुर थाना पुवायाँ जनपद शाहजहाँपुर उम्र करीब 24 वर्ष ।
2.दिलीप उर्फ अनुपेश कुमार पुत्र रामनरेश निवासी ग्राम मजीदपुर थाना पुवायाँ जनपद शाहजाहंपुर उम्र 25 वर्ष

**गिरफ्तारी का दिनाँक, समय व स्थान का विवरण-**

अभियुक्ता मनु देवी उर्फ मन्नू को दिनांक 03.08.2026 को समय 11.33 बजे, मृतक अनूप कुमार के घर ग्राम मजीदपुर थाना पुवायाँ से व अभियुक्त दिलीप उर्फ अनुपेश कुमार को दिनांक 03.08.2026 को समय 12.10 बजे, मोहम्मदी मोड के पास एच0 डी0 एफ0सी0 बैंक के सामने से ।

**पंजीकृत अभियोग का विवरण:-**

मु0अ0सं0 457/2026 धारा 108 बीएनएस थाना पुवायाँ शाहजहाँपुर ।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण:-**

1. उ0नि0 श्री विशाल कुमार थाना पुवायाँ जनपद शाहजहाँपुर ।
2. का0 731 जरनैल सिंह थाना पुवायाँ जनपद शाहजहाँपुर ।
3. म0रि0का0 1446 शालू थाना पुवायाँ जनपद शाहजहाँपुर ।